
## माउंट डेनाली

[स्रोत: लाइव मिंट](#)

केरल के एक **पर्वतारोही और उनकी टीम** ऑपरेशन सिंदूर के तहत सशस्त्र बलों को सम्मानित करने वाला बैनर प्रदर्शित करने के मिशन के दौरान माउंट डेनाली पर फँस गई। यह पर्वत अपने **भीषण मौसम और खड़ी चढ़ाई** के लिये जाना जाता है।

## माउंट डेनाली (माउंट मैकिनिली)

- **परिचय:** यह उत्तरी अमेरिका **(अलास्का रेंज, अमेरिका का हिस्सा)** की सबसे ऊँचा शिखर (6,190 मीटर) है और **डेनाली राष्ट्रीय उद्यान एवं संरक्षित क्षेत्र** की केंद्रीय विशेषता है।
  - डेनाली **सात समिट्स** (प्रत्येक महाद्वीप का सबसे ऊँचा शिखर) में **तीसरा सबसे ऊँचा शिखर है।**
- **भौगोलिक विशेषताएँ:** यह एक **विशाल ग्रेनाइट ब्लॉक** है, जिसका निर्माण **रैंगलिया कॉम्पोज़िट टेरेन (एक महासागरीय प्लेट)** और **उत्तरी अमेरिकी प्लेट की टक्कर से हुआ था।** लगभग **60 मिलियन वर्ष** पहले शुरू हुई टेक्टोनिक गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र ऊँचा उठा।




- **भौतिक विशेषताएँ:** इसमें **दो प्रमुख शिखर** हैं, जिनमें **दक्षिणी शिखर** अधिक ऊँचाई वाला है। इसका ऊपरी आधा भाग **स्थायी हिम क्षेत्रों (बर्फ**

**की चादरों)** से ढका रहता है, जो **कहिल्टना, मुल्ड्रो, पीटर्स, रूथ** और **ट्रलेइका** जैसे हिमनदों को जल प्रदान करते हैं।

- **नामकरण:** पूर्व में इसे **माउंट मैकिनिली** कहा जाता था, लेकिन वर्ष **2015** में इसे **डेनाली** नाम दिया गया ताकि मूल निवासी **कोयुकोन जनजाति** को सम्मान दिया जा सके। हालाँकि, वर्ष **2025** में अमेरिका के राष्ट्रपति ने इसका पुराना नाम **माउंट मैकिनिली** पुनः बहाल कर दिया।

**और पढ़ें:** [डेनाली फॉल्ट]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mount-denali